चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/2327

दिनांक : 20-02-26

## अत्यावश्यक/अति महत्वपूर्ण
## विज्ञप्ति

**विषय : विश्वविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर–2025 के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा शीघ्र सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।**

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के समस्त विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा **प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर–2025 के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों** की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु वाह्य परीक्षक कॉलेज लॉग–इन पर उपलब्ध करा दिये गये हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत विज्ञप्ति संख्या–गोप0/2122, दिनांक 13.11.2025 में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए 01 सप्ताह के अन्दर प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर–2025 के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर उनके अंक पोर्टल **https://ccsuniversityweb.in/** के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि अंक अपलोड करने में कोई समस्या आती है तो **हेल्प लाईन नम्बर–9258933900, 9259089985 एवं ई–मेल** helpdeskccsuweb @gmail.com के माध्यम से सम्बन्धित समस्या का निवारण कर सकते हैं।

संलग्नक : यथोक्त।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए सात दिवस में प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंकपर्ण की दो प्रतियाँ (कुलसचिव व टैबुलेटर) में से एक टैबुलेटर प्रति रिजल्ट सैल में जमा करने के उपरान्त दूसरी कुलसचिव प्रति गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 व कक्ष संख्या 308 पर तीन (03) कार्यदिवसों में प्रेषित किया जाना सुनिष्चित करें।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. निदेशक, सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त लिंक पर अंक अपलोड करने की निर्बाध सेवायें उपलब्ध कराना और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल उसका निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने तथा समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर की ई–मेल पर प्रेषित करने हेतु।
7. प्रेस प्रवक्ता को छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
8. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर संज्ञानार्थ।
9. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
10. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
11. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)